# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 मई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि है पहलगाम में आतंकवादियों ने जो किया वह सिर्फ भारतीयों पर हमला नहीं, भाईचारे की भावना पर हमला था। सिक्किम राज्य की पचासवीं वर्षगांठ समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और उसके प्रायोजकों को ऑपरेशन सिंदूर के जरिये स्पष्ट संदेश दिया गया।

**आतंकियों ने हमारे अनेक परिवारों के खुशियों को छीन लिया। उन्होंने हम भारतीयों को बांटने की भी साजिश की, लेकिन आज पूरी दुनिया देख रही है कि भारत पहले से कहीं ज्यादा एकजुट है। हमने एकजुट होकर आतंकियों और उनके सरपरस्तों को साफ संदेश दिया। उन्होंने हमारे बेटियों के माथे का सिंदूर पोछ कर उनका जीना हराम कर दिया। हमने आतंकियों को ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया है।**

**********

भारत के सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खात्मे के लिए देश की दृढ़ प्रतिबद्धता के रूप में अपनी विदेश यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय चर्चाएं कर रहे हैं। इस कड़ी में डीएमके सांसद के. कनिमोई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीस में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की।

उधर रोम में, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मीडिया से बातचीत की, जबकि पनामा में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारतीय दूतावास के एक कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप, एक विशेष श्रंखला प्रसारित कर रहा है। आज इसी कड़ी में हम याद कर रहे हैं परमवीर चक्र विजेता मेजर धानसिंह थापा को। एक रिपोर्ट–

***1928 में हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्में मेजर धन सिंह थापा अगस्त, 1949 में आठ गोरखा राइफल्स में भर्ती हुए। 1962 में हुए भारत–चीन के युद्ध के दौरान मेजर थापा लद्दाख में पेंगोंग झील के पास एक रणनीति ग्रुप से महत्वपूर्ण सिरीजाप–1 पोस्ट पर सी कंपनी की एक पलटन की कमान संभाल रहे थे। 21 अक्तूबर 1962 को चीनियों ने इस पोस्ट पर तोप और मोटार्र से तेज हमला किया । संख्या में कम होने के बावजूद मेजर थापा और उनके साथियों ने लगातार दो बार दुश्मन द्वारा किए गए हमलों को विफल कर उसे काफी नुकसान पहुंचाया। चीनी सेना ने टैंकों की मदद से तीसरा और अधिक तीव्र हमला किया। गोला बारूद की कमी के बावजूद पलटन ने प्रतिरोध जारी रखा और जब चौकी पर आखिरकार दुश्मन ने कब्जा कर लिया तो मेजर थापा अपने ट्रेंट से बाहर निकले दुश्मन के साथ अपने हाथों से मुकाबला किया। अंत में दुश्मन ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। अपने असाधारण साहस, नेतृत्व और बहादूरी के लिए मेजर धन सिंह थापा को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से प्रदेशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की। यह अभियान बारह जून तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत पहली बार वैज्ञानिक जमीन पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य लैंड से लैब तक जाना है। इस दौरान वैज्ञानिकों और कृषकों के बीच होने वाला संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरूआत करेगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर भी दिखने चाहिए। प्रदेश के वाराणसी जिले में जिला स्तरीय कृषि मेले के दौरान इस अभियान की शुरूआत की गई। हमारे कुशीनगर जिले के प्रतिनिधि ने बताया वहां इस अभियान से एक सौ पैंतिस गांवों के किसान लाभ पाएंगे। प्रदेश के अन्य जिलों में भी विविध आयोजन कर अभियान के उद्घाटन किए गए।

**********

शिक्षा के क्षेत्र में शोध, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आज प्रदेश सरकार ने ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मोनाश यूनिवर्सिटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में हुए इस समझौता ज्ञापन का लाभ बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलेगा।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज, कल और इकतीस मई को प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना जताई है। इस अवधि में कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी दी गई है। विभाग ने आज और कल कहीं कहीं ओला पड़ने की आशंका व्यक्त की है। इस बीच, गोरखपुर और इसके आस–पास के जिलों में आज शाम को घने बादल छा गये और तेज हवाएं चलने के साथ हल्की बारिश भी हुई।

**********